सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7698	27.08.2023	28.08.2023	Sant Kabir Nagar Uttar Pradesh	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/sant-kabir-nagar/64-patients-found-suffering-from-fever-and-malaria-khalilabad-news-c-209-1-skn1001-2123-2023-08-27
Title:	**64 patients found suffering from fever and malaria in Sant Kabir Nagar, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Sant Kabir Nagar, SSU- Uttar Pradesh			

जिले के 22 स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान 64 लोग बुखार व मलेरिया से पीड़ित मिले। इन सभी को जांच के लिए जिला अस्पताल बुलाया गया है। कुल 1152 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।

पीएचसी बखिरा, पीएचसी चुरेब, पीएचसी बुधाकला, पीएचसी धनघटा, पीएचसी दुधारा, पीएचसी मेंहदूपार समेत 22 स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे आरोग्य मेले में कुल 1152 मरीज पहुंचे। इसमें 32 मरीज तेज बुखार से पीड़ित थे। साथ ही 32 मरीज मलेरिया के संभावित लक्षण वाले मिले हैं। दो गंभीर मरीजों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

मगहर प्रतिनिधि के अनुसार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मगहर में कुल 37 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाएं दी गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर एसडी सिंह ने बताया कि शिविर में बुखार के मरीज अधिक रहे। साथ ही आई फ्लू के मरीज भी आए। सभी को ब्लड जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

रोसया बाजार प्रतिनिधि के अनुसार पीएचसी रोसया बाजार में आयोजित आरोग्य मेले में कुल 33 मरीजों का इलाज हुआ। इसमें सात मरीज बुखार के और छह मरीज आई फ्लू से पीड़ित थे। प्रभारी चिकित्साधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया कि कुल 33 मरीजों की जांच कर दवा दिया गया है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

आरोग्य मेले में कुल 1152 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ है। 64 मरीज बुखार और मलेरिया से पीड़ित थे। उनको जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। **डॉ अनिरूद्ध सिंह, सीएमओ**

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC